बुधवार
22 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



परिवार नियोजन में जनप्रतिनिधियों का मिलेगा साथ, करेंगे लोगों को जागरूक 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## खबरें फटाफट

### छपरा में स्कूल में घुसकर शिक्षिका को मारी गोली

**छपरा।** छपरा में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधियों ने एक बार फिर एक शिक्षिका को निशाना बनाया है। अपराधियों ने शिक्षिका को उसके स्कूल के अंदर दिनदहाड़े घुसकर गोली मार दिया। इस घटना के बाद स्कूल में अफरा तफरी का माहौल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर स्कूल के स्टाफ मौके पर आये और घायल पड़ी शिक्षिका को लेकर नगरा पीएचसी पहुंचे। जहां से घायल शिक्षिका को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घायल शिक्षिका की बहन ने बताया की उनकी बहन कुमारी नमिता नगरा प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुरारटोला में शिक्षिका हैं। उन पर एक दिन पूर्व भी हमला करने की कोशिश की गई थी। लेकिन बाइक सवार हमलावर सफल नही हुए थे। आज दुस्साहस का परिचय देते हुए उन्होंने शिक्षिका को स्कूल के अंदर घुसकर गोली मार दिया है। घटना के पीछे के कारणों की जानकारी किसी को नही है। वहीं चिकित्सक की माने तो घायल शिक्षिका की स्थिति चिंताजनक है।

### चीफ इंजीनियर के कई ठिकानों पर ईडी का छापा

**सीवान।** भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ बिहार में जहां निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। वहीं आय से अधिक मामले में ईडी की ओर से छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को सीवान के मैरवा थाना क्षेत्र के लेभरी गांव में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर ईडी के अधिकारियों ने छापेमारी की है। आय से अधिक मामले को लेकर ईडी छापेमारी कर रही है। उनके पैतृक आवास जिले के लभरी गांव में ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। इस दौरान कैश सहित आधा दर्जन पासबुक और जमीन के कागजात बरामद किया गया है। बता दें की वीरेन्द्र राम झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। आय से अधिक मामले में वीरेंद्र राम के रांची, जमशेदपुर, सीवान समेत कई जगहों पर ईडी की छापेमारी हुई है। इसी कड़ी में सीवान स्थित आवास पर छापेमारी हुई।

**चौथे कृषि रोड मैप के सूत्रण के लिए पटना में किसान समागम का आयोजन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोले-**

# मार्च तक तैयार हो जाएगा कृषि रोडमैप

- सभी की राय लेने के बाद ही चौथे कृषि रोडमैप पर लिया जाएगा अंतिम निर्णय
- जमीन को लेकर परिवार में तथा समाज में आपसी झगड़ा नहीं होना चाहिए
- 60 प्रतिशत हत्याएं सिर्फ जमीन विवाद के कारण होती हैं समाज में भाईचारे का माहौल रखें

**केटी न्यूज/पटना**

चौथे कृषि रोड मैप के सूत्रण के लिए मंगलवार को पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में किसान समागम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में कृषि के विकास के लिए कृषि रोडमैप बनाया गया। अब तक तीन कृषि रोडमैप पर काम हुआ है। अब एक और कृषि रोडमैप यानी चौथा कृषि रोड मैप बनाकर उस पर आगे काम करेंगे। बिहार में कृषि के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। आज के इस किसान समागम में हमने किसानों के सुझाव सुने हैं। उनकी बातों को सुनकर मुझे काफी खुशी हुई है। हम तो शुरू से चाहते हैं कि राज्य में कृषि का विकास हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए हमलोग लगातार प्रयासरत हैं। हमलोग चाहते हैं कि देश का हर आदमी बिहार में उत्पादित कोई न कोई चीज खाये । पिछले कृषि रोडमैप को तैयार करने के समय भी सभी लोगों से राय ली गयी थी। मार्च तक कृषि रोडमैप बनकर तैयार हो जायेगा। पिछले बार की तरह ही हमलोग राष्ट्रपति को बुलाकर चौथे कृषि रोडमैप का शुभारंभ करायेंगे। आजकल नई टेक्नोलॉजी लोग सदुपयोग कम बल्कि दुरुपयोग ज्यादा करते हैं। पहले क्या स्थिति थी अब बदलाव आया है, इसे भूलियेगा मत। बिहार के विकास को लेकर हमलोग काम कर बिहार का और विकास करेंगे। बिहार आगे बढ़ेगा तभी देश आगे बढ़ेगा।



### राज्य हर फसलों का उत्पादन बढ़ा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यहां फसलों का उत्पादन काफी कम होता था लेकिन अब हर चीज का उत्पादन बढ़ा है। बिहार में मक्का का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 27.39 क्विंटल से बढ़कर 52.36 क्विंटल हो गया है। गेहूं का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 23.25 क्विंटल से बढ़कर 30.78 क्विंटल हो गया है। इसी तरह धान का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 12.37 क्विंटल से बढ़कर 24.96 क्विंटल हो गया है। बिहार में दूध, सब्जी और मछली का उत्पादन भी बढ़ा है। बिहार में पहले सिर्फ 2.88 लाख मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन होता था। हमलोगों का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 8 लाख मीट्रिक टन करने का है। कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन के पश्चात राज्य का वर्तमान मत्स्य उत्पादन 7.62 लाख मीट्रिक टन हो गया है। बिहार की 75 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि हमलोग महंगी बिजली खरीदकर किसानों को सस्ते दर पर बिजली देते हैं। बिहार में मामूली दर पर उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराया जा रही है। मुफ्त में बिजली की मांग नहीं करनी चाहिए। बिजली का सदुपयोग करना चाहिए।

### समागम में शामिल हुए 5000 किसान

किसान समागम में 5000 किसान शामिल हुए जिसमें 22 किसानों ने चतुर्थ कृषि रोड मैप के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। लखीसराय के किसान अमित कुमार ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले के तीन कृषि रोड मैप से किसानों को बहुत फायदा हुआ है। हम पुणे से एमबीए किए हैं और कोरोना के दौरान बिहार आए और मशरूम की खेती करने लगे। हमने सोचा नहीं था कि हम बिहार में खेती करेंगे, यह सब सरकार के सहयोग से संभव हो पाया। मधेपुरा के किसान शंभू शरण भारतीय ने कहा कि मुख्यमंत्री के खूबसूरत इरादे और बुलंद हौसले को मैं सलाम करता हूं। कृषि रोड मैप से आपने फसलों का उत्पादन बढ़ा दिया जिससे किसानों को काफी फायदा हो रहा है। जमीन को लेकर परिवार में तथा समाज में आपसी झगड़ा नहीं होना चाहिए। 60 प्रतिशत हत्याएं सिर्फ जमीन विवाद के कारण होती है। भूमि सर्वेक्षण का काम चल रहा है। हमलोग चाहते हैं कि यह काम जल्द से जल्द पूरा हो। हमलोग आपस में झगड़ा न करें। समाज में भाईचारे का माहौल रखें।

### किसान की अंग्रेजी सुन भड़क गए सीएम

बापू सभागार में किसान अपना-अपना सुझाव दे रहे थे। इस दौरान अमित कुमार नाम के एक किसान ने अंग्रेजी का प्रयोग करते हुए अपना सुझाव देना शुरू किया। यह सुन नीतीश कुमार भड़क गए। उन्हें तुरंत उसकी क्लास लगा दी। कहा- अंग्रेजी शब्द का प्रयोग करते हैं। यह हो क्या गया है..। अपने राज्य और देश की भाषा हिंदी शब्द को भूल जाइएगा। हमको तो आश्चर्य लग रहा है। आप खेती करते हैं ना जी। खेती तो आम आदमी करता है ना जी। आपको यहां बुलाया गया सुझाव देने के लिए, आप आधा अंग्रेजी बोल रहे हैं। यह भारत है न जी, यह बिहार है ना जी, हम देख रहे हैं। आजकल सारा लोग अब मोबाइल पर देख रहा है। सब अपनी पुरानी भाषा को भूल रहा है, पुरानी चीज को भूल रहा है। इसलिए जरा ठीक से बोलिए , अपनी भाषा में बोलिए। हर चीज में अंग्रेजी घुसा दे रहे हैं। यह ठीक नहीं है। आप गवर्नमेंट का स्कीम बोल रहे, सरकार की योजना क्यों नहीं बोलते। बोल रहे प्रोवाइड किया जाएगा, उपलब्ध कराया जाएगा यह नहीं बोल रहे। नीतीश कुमार यहीं नहीं रूके कहा कि आप लोगों को मालूम है न। हम इंजीनियरिंग पढे हैं। अंग्रेजी में ही पढ़ाई होती थी। यह अलग चीज है। जहां पढ़ना-पढ़ाना है वहां बोलिए। हम राजनीति करते हैं कहां अंग्रेजी बोलते हैं। जहां अंग्रेजी बोलना हो वहां पर बोलिए। अपने राज्य और अपने लोगों के बीच क्या जरूरत है अंग्रेजी बोलने की। हम महिलाओं को भी देख रहे हैं,अंग्रेजी घुसा दे रही है। हम अधिकारियों से कहेंगे कि इस बात को देखिए।

## राजद विधायक का दावा... मार्च में तेजस्वी बनेंगे बिहार के सीएम

**केटी न्यूज/सासाराम**



दिनारा के राजद विधायक विजय कुमार मंडल ने दावा किया है कि अगले महीना यानी मार्च में डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव बिहार की कमान संभालेंगे। उन्होंने सासाराम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि फागुन महीना के बाद मार्च महीना में सीएम नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को प्रभार सौंप देंगे। विधायक ने कहा की वे लोग चाहते हैं कि 2025 अभी दूर है। अगले महीना ही तेजस्वी बिहार के मुख्यमंत्री बने और सीएम नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री के लिए आगे आये। राष्ट्रीय जनता दल उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर उन्हें कोई शक नहीं है और नीतीश कुमार पर भी पूरा भरोसा है। सीएम नीतीश कुमार ने वादा किया है कि वह आने वाले समय में तेजस्वी को बिहार का प्रभार सौंप देंगे। उन्हें विश्वास है कि सीएम नीतीश कुमार अपना वादा जरुर निभाएंगे। बता दें जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने एक बयान में स्पष्ट कर दिया कि 2025 में तेजस्वी यादव के सीएम बनने की अभी चर्चा करना उचित नहीं है। उस समय की बात 2025 में ही होगी।

## आतंकी-गैंगस्टर के खिलाफ 76 ठिकानों पर एनआईए का छापा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकवादियों, गैंगस्टरों और ड्रग तस्करों के नेक्सस का खात्मा करने के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में एनआईए ने मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली एनसीआर में 76 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। ये कार्रवाई भारत और विदेशों में बैठकर नेक्सस ऑपरेट करने वालों के ठिकानों पर एक साथ की गई। भारत और विदेश में मौजूद कुछ गिरोह इस तरह की आतंकी और आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिनके गैंग लीडर और सहयोगियों की पहचान अगस्त 2022 में की गई थी। उस दौरान एनआईए ने इस संबंध में 3 मामले दर्ज किए थे। यह इन लोगों के खिलाफ छापे और तलाशी का 5वां दौर है। जिसमें शीर्ष गैंगस्टरों और उनके अपराधी-व्यापारिक सहयोगियों पर एनआईए ने शिकंजा कसा है। ये सभी पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में हैं। जबकि इन्हें हथियार सप्लाई करने वाले यूपी, पंजाब और दिल्ली में मौजूद हैं। हवाला नेटवर्क में शामिल इनके सहयोगियों के ठिकानों पर भी मंगलवार को छापेमारी की गई। जिसमें नकदी बरामद हुई है।

## यूपी सरकार आज पेश करेगी वर्ष 2022-23 के लिए बजट

**एजेंसी/लखनऊ**

यूपी सरकार बुधवार को वर्ष 2022-23 के लिए अपना ऐतिहासिक बजट पेश करेगी। अनुमान है कि इस बार यह बजट करीब 7 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को पेश किए जाने वाले 2023-24 के बजट प्रस्तावों में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए ऐलान होंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में महिला, युवा सशक्तीकरण, किसानों के साथ-साथ नई अवस्थापना और विकास परियोजनाओं पर जोर रहेगा। इसमें बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान देने के साथ बजट में खर्च के हिसाब से बड़ी छलांग लगाने की तैयारी है। वित्त विभाग के सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि बजट में कुछ नई योजनाओं की घोषणा की जा सकती हैं। केंद्र की योजनाओं पर बजट बढ़ाया जा सकता है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बुधवार सुबह 11 बजे संयुक्त सत्र में बजट पेश करेंगे। बजट पेश होने के बाद सदन में राज्यपाल अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

## गया में दिनदहाड़े एक जमीन कारोबारी की गोली मार हत्या

**केटी न्यूज/गया**

बिहार की धार्मिक राजधानी गया में मंगलवार की अहले सुबह दिन के उजाले में अपराधियों ने चंदौती थाना के नाक के नीचे एक प्रॉपर्टी डीलर अरुण पासवान की दिनदहाड़े हत्या कर दी। बताया गया अरूण पासवान हर दिन सुबह मॉर्नि वॉक के लिए जाते थे। उनके बेटों का कहना है कि हर दिन उनके साथ कुछ लोग रहते थे, लेकिन आज कोई नहीं था। संभवतः हत्यारों ने उनके डेली रूटीन के बारे में पूरा पता किया होगा। जिसके कारण सुबह उनकी हत्या कर दी गई। बेटों ने बताया कि मॉर्निंग वॉक के बाद वह थाने में तीन से चार घंटे बिताते थे। बताया जा रहा है कि वह पुलिस के लिए मुखबिरी का भी काम करते थे। हालांकि लॉ एंड ऑर्डर के एसपी भरत सोनी ने इससे इंकार किया है। उनके कहना है कि वह पुलिस के पीस कमिटी के मेंबर थे, इसलिए पुलिस के साथ उनका बेहतर संबंध था।जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े अरूण को लगातार कई धमकियां भी मिल रही थी। बेटों ने कहा उनके कई दुश्मन बन गए थे। इसलिए यह कहना मुश्किल है किसने गोली मारी है।




**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन को लेकर सरकार की नीति पर विपक्ष के सवालों के दिए जवाब**

# चीन को छोड़ सभी बड़ी ताकतों से भारत के अच्छे संबंध

**एजेंसी/नई दिल्ली**

चीन को लेकर सरकार की नीति को लेकर विपक्ष के सवाल के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम चीन से डरते नहीं। उन्होंने कहा कि यदि हम डरते तो बॉर्डर पर सेना नहीं तैनात करते। विपक्ष खासकर कांग्रेस के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ईमानदारी से यह देखना चाहिए कि 1962 में क्या हुआ था। लद्दाख में पैंगोंग के पास वाला इलाका 1962 से चीन के अवैध कब्जे में है। एक न्यूज एजेंसी के साथ खास इंटरव्यू में एस जयशंकर चीन, पाकिस्तान, बीबीसी डॉक्यूमेंट्री से जुड़े सभी सवालों के जवाब दिए। एस जयशंकर ने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि चीन ने 1962 में हमारी जमीन के एक टुकड़े पर कब्जा कर लिया था। अब विपक्ष 2023 में मोदी सरकार पर आरोप लगा रहा है कि चीन



उस जमीन पर ब्रिज बना रहा है जिस पर चीन ने 1962 में कब्जा कर लिया था। एस जयशंकर ने कहा कि मैं लंबे समय तक चीन का राजदूत रहा और बॉर्डर मुद्दों को डील कर रहा था। राहुल गांधी के उस बयान जिसमें उन्होंने कहा था कि एस जयशंकर को विदेश नीति के बारे में ज्यादा पता नहीं।

- चीन के साथ हमारे संबंध इसलिए अच्छे नहीं हैं क्योंकि उसने कई समझौते तोड़े हैं
- सभी कहते हैं कि हमें सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना चाहिए तो कांग्रेस ने ऐसा क्यों नहीं किया

एस जयशंकर ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे सबसे अधिक ज्ञान है लेकिन इतना कहूंगा कि मुझे चीन के विषय पर काफी कुछ पता है। अगर राहुल गांधी चीन पर ज्ञान होगा तो मैं उनसे भी सीखने के लिए तैयार हूं। मुझे लगता है कि जब आपकी मानसिकता वोट बैंक की हो, तो आप विदेश नीति और इसे क्रियान्वित करने के बारे में गंभीर नहीं होते। आपके लिए यह एक नारा है कि वे हमारे साथ हैं।

### सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट 5 गुणा बढ़ा है

एस जयशंकर ने कहा कि सभी कहते हैं कि हमें सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना चाहिए तो कांग्रेस ने ऐसा क्यों नहीं किया। मैंने सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट देखा। मोदी सरकार में बजट 5 गुणा बढ़ा है। 2014 तक यह 3-4 हजार करोड़ था और आज यह 14 हजार करोड़ है। हमारी सरकार इसको लेकर गंभीर है। रूस और यूक्रेन युद्ध से हमारे संबंध में कोई असर नहीं पड़ा। हमारे संबंध चीन को छोड़ सभी बड़ी ताकतों से अच्छे हैं। चीन के साथ हमारे संबंध इसलिए अच्छे नहीं है क्योंकि उसने कई समझौते तोड़े हैं। आज हम अपनी सोच, अभियान और विदेश नीति को लागू करने की रणनीति को लेकर पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं और ये होना भी चाहिए। हमारे अमेरिका से अच्छे संबंध हैं।

## खबरें फटाफट

### मंदिर का दरवाजा तोड़ दान पेटी ले भागे चोर

**सासाराम।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र बरूणा पंचायत के गम्हरिया गांव के काली मंदिर में सोमवार रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने ना सिर्फ दानपेटी को तोड़ पैसा चुरा लिया, बल्कि प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने देखा कि मंदिर का दरवाजा टूटा है। अंदर जाने पर दानपेटी नहीं था। मंदिर में चोरी होने की बात गांव में आग की तरफ फैली। बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने देखा कि मंदिर के दोनों दरवाजे तोड़ दिए गए हैं, और प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त है। मंदिर में चोरी एवं प्रतिमा को तोड़े जाने को लेकर गांव में तनाव है। बरूणा पंचायत के मुखिया मुन्ना कुमार ने बताया बबन सिंह ने सबसे पहले मंदिर का दरवाजा टूटा देखा, इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी। जब लोग पहुंचे तो देखा कि मंदिर में प्रस्तर की बनी प्रतिमा को तो तोड़ा गया है और दानपेटी का ताला टूटा हुआ हैं।

### 15 मार्च तक होगा ऑनलाइन आवेदन

**सासाराम।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल यूनिवर्सिटी ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि घोषित कर दी है। इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी गयी है। दो वर्षीय बीएड कोर्स में सत्र 2023-25 में? दाखिले के लिए विद्यार्थी से 15 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करेंगे, जबकि विलंब शुल्क के साथ 16 से 20 मार्च तक भरे जायेंगे। एडमिट कार्ड 30 मार्च को ऑनलाइन ही जारी होगा, जबकि संयुक्त प्रवेश परीक्षा आठ अप्रैल को आयोजित? की जायेगी। मालूम हो कि इस बार भी राजभवन ने ललित नारायण मिथिला विवि को संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल यूनिवर्सिटी बनाया है। नोडल यूनिवर्सिटी ने परीक्षा का पूरा शेड्यूल जारी किया है।

# परिवार नियोजन में जनप्रतिनिधियों का मिलेगा साथ, करेंगे लोगों को जागरूक

- डीएम के निर्देश पर पंचायत प्रतिनिधियों का हो रहा उन्मुखीकरण
- जनप्रतिनिधि पंचायत के सभी गांव से एक-एक पुरुष लाभुक की कराएंगे नसबंदी

**केटी न्यूज/बक्सर**

परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति बक्सर के तत्वावधान में आगामी 23 फरवरी तक पंचायत प्रतिनिधियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को भी पंचायत प्रतिनिधियों का ज्ञानवर्द्धन किया गया। ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मियों, आशा और एएनएम के द्वारा संचालित कार्यक्रमों की ग्राम पंचायत के द्वारा मॉनिटरिंग की जा सके। साथ ही, अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को उनके कार्य में आने वाली बाधाओं के प्रति सहयोग प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने का कार्य बिहार की एक अग्रणी संस्था सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों को बताया गया कि पांच से 25 मार्च तक परिवार कल्याण पखवाड़े का आयोजन किया जाना है। जिसमें जन प्रतिनिधियों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी व पखवाड़े को सफल बनाना है।



नगर भवन में आयोजित कार्यशाला में मौजूद पंचायत प्रतिनिधि

**पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम :** मौके पर सिविल सर्जन सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत समुदाय आधारित अनुश्रवण एवं जागरूकता के लिए पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम मानी गई है। ग्राम पंचायतों में एएनएम के कार्यों की निगरानी, संरक्षण एवं ग्राम स्वास्थ्य समिति के माध्यम से समुदाय को जागरूक करने और स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने के उद्देश्य से पंचायत प्रतिनिधियों का क्षमतासंवर्धन करना महत्वपूर्ण है। जिसको लेकर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा चार दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ताकि, जन जन तक परिवार नियोजन के उद्देश्य को पहुंचाया जा सके।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच मुखिया होंगे सम्मानित

कार्यशाला में बताया गया कि जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर जिले के प्रत्येक पंचायत के मुखिया अपने पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक गांव से पुरुष नसबंदी के लिए एक-एक इच्छुक लाभार्थी को चिह्नित करेंगे और उन्हें नसबंदी के लिए प्रेरित करते हुए आशा कार्यकताओं के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों में लाएंगे। साथ ही, जिलाधिकारी ने घोषणा की है कि सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पांच मुखिया को जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

जनप्रतिनिधियों को बताया गया कि आगामी माह में संचालित होने वाले परिवार कल्याण पखवाड़ा की सफलता को ध्यान में रखकर पंचायत प्रतिनिधियों को इस अभियान में शामिल किया जा रहा है। ताकि, पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से युवाओं, नवविवाहित जोड़ों और एक बच्चे वाले जोड़ों को बच्चों में अंतराल सुनिश्चित करने वाले आधुनिक गर्भनिरोधक (अस्थायी साधनों) का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाया जा सके। साथ ही, परिवार नियोजन की राह में आ रही सबसे बड़ी बाधा पुरुष नसबंदी के बारे में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

### कोईलवर-छपरा फोरलेन पर जाम के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई

# बिना चालान और ओवरलोड बालू लदे सौ ट्रक जब्त, तीन करोड़ का फाइन

- पटना से आने वाले ओवरलोड ट्रकों की रोकथाम को बनाया गया चेक पोस्ट
- वरीय अफसरों से पटना की ओर से आने वाले ट्रकों का रूट बदलने करने का अनुरोध

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में कोईलवर-छपरा फोरलेन सहित अन्य सड़कों पर जाम के खिलाफ पुलिस जिला और प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। मंगलवार तड़के डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने कोईलवर इलाके में धावा बोल दिया। उस दौरान मनभावन चौक से कोईलवर के बीच ओवरलोड और बिना चालान के दौड़ रहे करीब सौ ट्रकों को जब्त कर लिया गया।? इन ट्रकों पर करीब तीन करोड़ रुपए का फाइन किया गया है। वहीं पटना की ओर से आने वाले बालू लदे ओवरलोड ट्रकों की भोजपुर में इंट्री पर रोक लगाने के लिए भी जिला प्रशासन की ओर से कवायद तेज कर दी गयी है। उसके तहत आरा पटना फोरलेन पर देव चौक मनभावन चौक के बीच स्थाई चेक पोस्ट शुरू किया जा रहा है। वहां चौबीस घंटे मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहेंगे। इसे लेकर डीएम और एसपी की ओर से मंगलवार को आदेश भी जारी कर दिया गया है।



छापेमारी के दौरान आरा-छपरा रोड़ पर चलते डीएम, एसपी व अन्य

एसपी की ओर से चेक पोस्ट के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है। ऐसे में अब जांच के बाद ही पटना की ओर से आने वाले बालू लदे ट्रकों की भोजपुर में इंट्री मिल सकती है। छापेमारी में डीएम और एसपी के अलावा एसडीओ ज्योति नाथ शाहदेव, एएसपी हिमांशु व खनन पदाधिकारी सहित अन्य अफसर शामिल थे। काफी संख्या में पुलिस के जवान भी लगे थे। इधर, भोजपुर जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से ओवरलोड और बिना चालान के बालू ढुलाई करने वाले गिरोह में हड़कंप मचा है। इस धंधे में शामिल ट्रक मालिकों और चालकों में बेचैनी बढ़ गयी है।

**जाम की शिकायत पर की गई छापेमारी :** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बालू लदे ओवरलोड ट्रकों के परिचालन की वजह से भोजपुर खासकर कोईलवर इलाके में आये दिन जाम की शिकायत मिल रही थी। जाम के कारण स्कूली वाहन और एंबुलेंस भी फंस जा रहे थे। ऐसे में स्कूली बच्चों और मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा था। उसे देखते हुए मंगलवार तड़के उनके और डीएम के नेतृत्व में प्रशासन की टीम द्वारा गुप्त तरीके से कोईलवर इलाके में छापेमारी की गयी। उस दौरान प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी। उन्होंने बताया कि पटना की ओर से आने वाले ट्रकों की वजह से भोजपुर में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। उसे देखते हुए कोईलवर के कपिल देव चौक और मनभावन चौक के बीच स्थाई चेक पोस्ट चालू किया जा रहा है। वहां ट्रकों की जांच के बाद ही भोजपुर में इंट्री करने दी जाएगी।

साथ ही, वरीय अफसरों को भी इस मामले से अवगत कराते हुए पटना की ओर से आने वाले बालू लदे और ओवरलोड ट्रकों को दूसरे रूप से डायवर्ट कर चलाने का अनुरोध किया गया है। कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन की ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात, बिना चालान और ओवरलोड ट्रकों के परिचालन पर रोक लगाना पहली प्राथमिकता है। उसे लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। किसी भी कीमत पर ओवरलोड ट्रकों को चलने नहीं दिया जायेगा। इस धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### किसान समागम में शामिल होंगे 65 किसान



**जहानाबाद।** कृषि विभाग बिहार सरकार के निदेशानुसार मंगलवार की सुबह बापू सभागार गांधी मैदान, पटना में चतुर्थ कृषि रोड मैप के सूत्रण हेतु आयोजित किसान समागम कार्यक्रम में सुझाव देने के लिए जहानाबाद जिले के 65 किसानों को आत्मा के द्वारा राज्य अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण/परिभ्रमण कार्यक्रम के तहत रवाना किया गया। किसानों के दल को रवाना करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक आत्मा, जहानाबाद संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्य भर के किसानों के साथ जहानाबाद के किसानों से भी सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। जिसके उपरांत कृषकों के सर्वांगीण विकास हेतु चतुर्थ कृषि रोड मैप का सूत्रण एवं रोड मैप तैयार कर लागू किया जाएगा। मौके पर आत्मा कर्मी, सहायक तकनीकी प्रबंधकों के साथ कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों एवं विभागों/कार्यालयों के किसान- प्रेम कुमार, लक्ष्मीकांत आजाद, श्याम किशोर शर्मा, सुनील कुमार, राकेश रंजन कुमार, सत्येंद्र प्रसाद, मिन्हाजुल हक, सूर्यदेव प्रसाद, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे। समागम नोडल पदाधिकारी के रूप में जहानाबाद जिला से उप परियोजना निदेशक आत्मा जहानाबाद राकेश कुमार को नामित किया गया है।

### डीएम ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा



**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत वाणावर तलहटी में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के आगमन को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा स्थल निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री वाणावर में आगमन के अवसर पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से हेलीपैड, हथियाबोर, बैरिकेडिंग, वाणावर धर्मशाला इत्यादि का निरीक्षण किया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से कुल 47 स्थानों को चिन्हित करते हुए दंडधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रतिनियुक्त दंडधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने -अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर निर्धारित समय से उपस्थित रहने और दायित्वों का निर्वाहन करने का निर्देश दिया।

### राजद नेता के निधन पर जताया शोक

**जहानाबाद।** काको प्रखंड के बेदौली गांव निवासी सह राजद के जुझारू नेता कारू यादव के असमायिक निधन की सूचना मिलते ही राजद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। निधन पर शोक जताते हुए विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने कहा कि कारू यादव का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से पार्टी ने एक कर्मठ नेता को खो दिया है। विधायक श्री यादव ने कहा कि कारू यादव एक जुझारू कार्यकर्ता के साथ-साथ ईमानदार एवं कर्मठ व्यक्ति थे। वे हमेशा गरीबों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकार के लिए प्रखंड से लेकर समाहरणालय तक संघर्ष कर उन्हें न्याय दिलाते रहते थे। विधायक श्री यादव ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में मखदुमपुर विधायक सतीश दास, राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, प्रधान महासचिव परमहंस राय, राजद नेता सह वार्ड पार्षद संजय यादव, पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव, सूर्यदेव यादव, डॉ अजय कुमार यादव, भोली यादव, अरमान मल्लि्क आदि शामिल हैं।

### हादसे में ननिहाल आये बक्सर के युवक की मौत



**आरा।** आरा-मोहनियां हाईवे पर धनगाई थाना क्षेत्र के महुरही स्थित लाइन होटल के समीप सोमवार की रात एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। उसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृत युवक बक्सर के नावानगर थाना क्षेत्र के पनियारी गांव निवासी सुरेश सिंह का 27 वर्षीय पुत्र महेश सिंह था। वह करीब पांच वर्षों से गोवा में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर, उसके परिजन सत्येंद्र कुमार राम ने बताया कि महेश सोमवार को अपने ननिहाल जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तुलसी गांव आया था। सोमवार की रात वह बाइक से वापस गांव लौट रहा था। उसी दौरान महुरही पुल स्थित लाइन होटल के समीप सामने अज्ञात वाहन ने चकमा दे दिया। उस कारण उसकी बाइक अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकरा गयी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद धनगाई थाना इंचार्ज प्रदीप कुमार भास्कर द्वारा इलाज के लिए उसे दुलौर स्थित अस्पताल लाया गया। बाद में उसके पॉकिट से मिले आधार कार्ड और फोन के माध्यम से उसकी पहचान कर सूचना दी गयी।? उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया।बताया जाता है कि युवक अपने चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां धर्मशीला देवी और तीन भाई कमेंद्र कुमार, गणेश कुमार और दिनेश कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद उसकी मां धर्मशीला देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपित को तीन साल का सश्रम कारावास

**जहानाबाद।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ, कुलदीप की अदालत ने आर्म्स एक्ट के आरोपी को दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 जुमार्ना की सजा सुनाई।

सहायक अभियोजन पदाधिकारी अरुण कुमार राव ने बताया कि दिनांक 6 मई 2012 को रात्रि करीबन 1:00 बजे पाली थाना पुलिस अवर निरीक्षक रंजन कुमार गश्ती दल के साथ जैसे ही ग्राम गोलकपुर पाली मुखिया के घर के समीप पहुंचे तो पुलिस जीप देखकर भागने की फिराक में अभियुक्त को संदेह के आधार पर गश्ती दलों के द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया जहां उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से लूंगी में खोसा हुआ एक लोडेड देशी कट्टा तथा 315 बोर का दो जिंदा कारतूस बरामद कर जब्त की गई। गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध पाली थाना में प्राथमिकी 23/12 दर्ज किया गया। अभियुक्त ग्राम गोलकपुर, पाली थाना क्षेत्र निवासी लाल बाबू यादव बताया जाता है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ कुलदीप की अदालत ने आरोपी व्यक्ति लालबाबू यादव को आर्म्स एक्ट में दोषी पाते हुए आर्म्स एक्ट के तहत तीन वर्ष की सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो महीने अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## दवा दुकानदार की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- हत्या में इस्तेमाल देसी कट्टा, एक गोली और मोबाइल भी बरामद

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहां बाजार में बारात में सरैया निवासी बैट्री दुकानदार की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पूर्व की मारपीट का बदला लेने के लिए घटना को अंजाम दिया गया था। हत्या को हर्ष फायरिंग का रंग देने के लिए बारात में गोली मारी गयी थी। इस मामले में गोलीबारी करने वाले दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या में इस्तेमाल देसी कट्टा, एक गोली और एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में धोबहां ओपी क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी कमलेश यादव और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बखरियां निवासी प्रिंस सिंह शामिल हैं। गोलीबारी में शामिल तीन अन्य लड़कों की भी पहचान की गयी है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सरैयां बाजार स्थित मेडिकल शॉप पर पूर्व में दो पक्षों के बीच झड़प के विवाद में हत्या की वारदा को अंजाम दिया गया था।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि इसी साल जनवरी माह में सरैयां बाजार में एक मेडिकल शॉप पर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। तब एक पक्ष द्वारा दूसरे की जमकर पिटाई कर दी गयी थी। उसके प्रतिशोध में तीस जनवरी की रात धोबहां बाजार में आयी बारात में सरैयां निवासी विंध्याचल प्रसाद और सुशील कुमार गुप्ता उर्फ अंशु नामक दो लोगों को गोली मार दी गयी थी। उसमें विंध्याचल प्रसाद की मौत हो गयी थी।

### वीडियो फुटेज के जरिए पहुंची पुलिस

एसपी ने बताया कि धोबहां बाजार में तीस जनवरी की रात बारात में दो लोगों को गोली मारे जाने के बाद हर्ष शुरू में फायरिंग की बात कह जा रही थी। दूसरी ओर घटना को लेकर चार-पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। ऐसे में घटना को गंभीरता से लेते हुए बाद मामले का खुलासा और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा तकनीकी सूत्रों के आधार पर छानबीन शुरू की गयी। उसके तहत बारात का वीडियो फुटेज और मोबाइल सर्विलांस की जांच की। उस दौरान पुलिस को नामजद आरोपितों के अलावे गोलीबारी करने में चार-पांच अन्य लड़कों की संलिप्तता मिली। उस आधार पर दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन अन्य की भी पहचान कर ली गयी है। उन तीनों की भी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़कर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की जानकारी दे रहे हैं हाथीपांव के मरीज

# जानकारी के अभाव में नहीं करा सका इलाज, अब दूसरे न हों शिकार: ऋषिदेव

- एमडीए अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल कर लोगों को कर रहे जागरूक

**केटी न्यूज/छपरा**

सरकार लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। इन्हीं बीमारियों में से एक है फाइलेरिया, जो मरीज को दिव्यांग बनाने का विश्व का दूसरा बड़ा कारण है। यह बीमारी लोगों के पैर, हाथ, स्तन और हाइड्रोसील को प्रभावित करती है। हालांकि, इस बीमारी की जानकारी लोगों को लगभग 14 से 15 साल के बाद होती है। तब तक इसके कारण लोग दिव्यांग हो जाते हैं। ऐसी ही कहानी सारण जिले के सोनपुर प्रखंड के परमानन्दपुर पंचायत स्थित मुरथान गांव निवासी ऋषिदेव सिंह की है। जो पिछले 15 सालों से फाइलेरिया के हाथीपांव बीमारी से ग्रसित हैं। ऋषिदेव का कहना है कि जब इस बीमारी के शुरूआती लक्षण दिखाई दिए थे, तब उन्होंने इसे हल्के में लिया। लेकिन, जब स्थिति हाथ से निकल गई, तब उन्हें इसकी गंभीरता का पता चला। लेकिन अब वो मुरथान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़ कर दूसरे लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करने में जुटे हैं।



**जानकारी का था अभाव :** ऋषिदेव सिंह ने बताया, लगभग 15 वर्ष पहले उनके पैरों में सूजन होती थी। जो बाद में अपने आप ही ठीक हो जाती थी। जिसके कारण वो इसके इलाज को लेकर गंभीर नहीं रहते थे। वो सोचते अधिक काम करने के कारण पैरों में सूजन हो रही है। जो खुद ठीक हो जाएगी और होता भी ऐसा ही। पैर का सूजन एक दो दिनों बाद ठीक हो जाता। लेकिन एक दिन उनकी तबीयत बहुत अधिक खराब हो गई। उस दौरान उनके बाएं पैर में सूजन हुई, जो आज तक ठीक नहीं हुई। उन्होंने बताया कि उस समय लोगों में फाइलेरिया के प्रति जानकारी का अभाव रहता था। लोग इसे अभिशाप की तरह देखते थे। इस कारण वो दूसरों से इसकी चर्चा नहीं करते थे। लेकिन, आज सरकार और स्वास्थ्य विभाग ऐसी बीमारियों के प्रति सचेत हो चुकी है और लोगों का निःशुल्क इलाज कर रही। ऐसे में हमें भी सरकार और विभाग का सहयोग कर ऐसी बीमारियों को जड़ से मिटाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

**पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से हो रहा फायदा :** प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हरिशंकर चौधरी का कहना है कि इस बार एमडीए राउंड में पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के जुड़ने से काफी फायदा मिला है। पहले जब एमडीए राउंड होता था, तब कई जगहों से सूचना मिलती थी कि लोग फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से इनकार कर रहे हैं। लेकिन, अब ऐसी परिस्थिति नहीं उत्पन्न हो रही है। अभियान के दौरान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से सदस्य लोगों को जागरूक कर रहे हैं। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### पीएसजी से जुड़ने से मिली कई जानकारी

ऋषिदेव सिंह बताते हैं कि आज जिस परिस्थिति से वो गुजर रहे हैं, कोई और इसे न झेले। जिसके कारण वो मुरथान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़े। जिसमें पहले उन्हें फाइलेरिया के संबंध में पूरी जानकारी हुई। तब उन्होंने फैसला लिया कि अब वो दूसरों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करेंगे। ऋषिदेव पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के अन्य सदस्यों के साथ नियमित रूप से जगह जगह होने वाली शिविरों में जाते हैं और लोगों को फाइलेरिया के दुष्प्रभावों से बचने और फाइलेरिया रोधी दवाओं के सेवन के साथ-साथ मच्छरों से बचाव की जानकारी देते हैं। फिलवक्त जिले में चल रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड में भी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ जाकर लाभुकों को जागरूक और उन्हें प्रेरित करते हैं।

## खबरें फटाफट

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हजारों की संपति जली

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के देवरिया पंचायत स्थित जमौली डेरा गांव में बीती रात सार्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। जिसमें हजारों रूपए मूल्य के सामान जले है। आगलगी की यह घटना किसान शुभम चौहान के घर में हुई है। जिससे घर में रखे कपड़ा अनाज ओढ़न बिछावन सहित हजारों रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गया है। जिसकी सूचना मंगलवार को अंचल कार्यालय को दी गई। राजपुर सीओ द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ही राजस्व कर्मी को भेजकर मामले की जांच करवाई गई है।

### मामूली बात पर भाईयों में मारपीट

**चक्की।** भरियार ओपी थाना क्षेत्र के चुनी डेरा गांव में मंगलवार को मामूली विवाद में दो भाईयों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जिसमें एक को गंभीर चोटें आई है। उसका सर फट गया है। स्थानीय पीएचसी में उसका इलाज करवाया गया। जख्मी नगेंद्र यादव ने अपने भाई मुंगेली यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया है। पुलिस को दिए आवेदन में नागेन्द्र ने बताया कि वह बिजली का तार जोड़वा रहा था उसी दौरान उसका भाई उसके साथ मारपीट करने लगा।

### जॉब कार्ड को आधार से किया गया लिंक

**केसठ।** रामपुर पंचायत भवन के सभागार में मंगलवार को एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व पंचायत के मुखिया अनामिका पांडेय ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य था कि जॉब कार्ड धारियों का जॉब कार्ड आधार से लिंक करना। इस क्रम में लगभग 350 जॉब कार्ड धारियों ने अपना कागजात जमा किया। शिविर में जॉब कार्ड धारियों की भीड़ रही।

# अवसर... बक्सर में आज लगेगा नियोजन मेला, 800 युवाओं को मिलेगा रोजगार

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के आईटीआई कॉलेज परिसर में बुधवार को श्रम संसाधन विभाग व स्थानीय नियोजनालय के संयुक्त तत्वावधान में नियोजन मेला सह कैरियर मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें कुल 13 निजी कंपनियां शिरकत कर रही है। इस नियोजन मेला में शामिल कंपनियों द्वारा कुल 800 युवाओं का चयन कर उन्हें रोजगार दिया जाएगा। पूर्व संध्या पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला बेरोजगार युवाओं के लिए होली पूर्व बड़ी उम्मीद जगाने वाला है। इसमें बड़ी संख्या में



कंपनियों द्वारा उन्हें रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेला में कुल 13 निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग ले रही है तथा कुल 18

- बक्सर के आईटीआई कॉलेज परिसर में लगाया जाएगा नियोजन शिविर
- बेरोजगारों को ऑन द स्पॉट कराया जाएगा रोजगार मुहैया
- मेला में कुल 13 निजी क्षेत्र की कंपनियां ले रही हैं हिस्सा

स्टाल लगाए जाएंगे। जिसमें पहला स्टाल में आई हेल्प यू का रहेगा। दूसरे स्टॉल पर नेशनल करियर सर्विस जो भारत सरकार का पोर्टल है पर निबंधन किया जाएगा। इसके अलावे तीन स्टाल डीआरसीसी, आरसेटी एवं जिला उद्योग केंद्र के द्वारा बिहार सरकार से मिलने वाली स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजन मेला में चयनित बेरोजगारों को ऑन स्पॉट देश के विभिन्न भागों में योग्यता के अनुसार कार्य के लिए चयन किया जाएगा।

### सुबह दस बजे शाम चार बजे तक आयोजित होगा मेला

मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निबंधन कराने के बाद युवा भाग ले सकते है। उन्होंने कहा कि इस मेला को ले प्रशासनिक मदद भी ली गई है। मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी रहेगा। जबकि युवाओं को जानकारी देने तथा उनकी सहायता के लिए में आई हेल्प यू डेस्क भी पूरे दिन काम करेगा। ताकी मेला में आने वाले युवाओं को सहूलियत मिल सके।

**शिरकत कर रही है यें कंपनियां:** मेले में जय किसान एग्रो, एक्यूरेट वन इम्प्लायमेंट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड, एसआईएस सेक्यूरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, कम्प्यूटर रिर्सोस प्राईवेट लिमिटेड, स्किल डेस्क, एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील ट्रेनिंग सेंटर, राजराय सेक्यूरेक्स प्राइवेट लिमिटेड, स्वदेशी अमर फार्मा, नया भारत फर्टिलाइजर लिमिटेड, इएफओएस, सविज हेल्थ केयर प्रा. लिमिटेड, एक्सिस ट्रेनिंग सेंटर, प्रो-इटीग्रेटेड सर्विस प्रा. लिमिटेड, आमधनी प्राइवेट लिमिटेड समेत अन्य कंपनियां शामिल होंगी।

### मेला में युवाओं के सपनों को मिलेगा पंख

इस मेला में युवाओं के सपनों को पंख मिलेगा। उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाएगा। जिससे युवाओं में उत्साह व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार हजारों युवा इस मेला में भाग ले अपने स्कील का टेस्ट दे रोजगारशुदा होंगे। इस मेला के आयोजन से युवाओं में उत्साह व्याप्त है। बेरोजगार युवा इसे एक अवसर के रूप में देख इसमें भाग लेने के लिए लालायित है। गौरतलब है कि देशभर में बढ़ी बेरोजगारी से युवाओं में अपने कैरियर को ले संशय बनते जा रहा है। वही ऐसे आयोजन से उनके सपनों को पूरा करने का अवसर मिलता है।

### सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में तथाकथित गायकों के कारण शर्मसार हो रही अपनी संस्कृति

# भोजपुरी की मिठास में जहर घोल रहे फूहड़ गीत, अश्लीलता के खिलाफ उठाएं आवाज

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक जमाना था जब भोजपुरी भाषा की तरह ही इसके गीत वलगरता ( फूहड़पन ) से दूर हो समाज में मिठास घोलते थे। जिसे हम अपने परिवार तथा समाज में बैठ सुन सकते थे और दूसरों को भी सुना सकते थे। भोजपुरी गायकों ने पारंपरिक गीतों, बारहमासा, पुरबियां आदि से विदेशों तक ख्याति पाई थी। कहीं भी भोजपुरी गायकी होती थी तो दूर तक उसकी मिठास की गूंज सुनाई पड़ती थी। इस दौर में गायकों द्वारा मौसम, प्रकृति, सामाजिक रिश्तों तथा अन्य सारगर्भित विषयों पर गीत प्रस्तुत किए जाते थे। जो न सिर्फ कर्णप्रिय होते थे बल्कि समाज में समरसता भी घोलते थे।

वहीं आज के जमाने के गायकों द्वारा फूहड़ गीतों को परोसा जा रहा है। सोशल मीडिया के इस दौर में हर दिन नए-नए तथाकथित भोजपुरी गायक पैदा हो रहे हैं जिन्हें सुर और ताल का ज्ञान नहीं है, बल्कि वे अपने गीतों के माध्यम से फूहड़ता परोस रातों रात स्टार गायक बनने का ख्वाब देख रहे हैं। अश्लील गीत गाने वाले कुछ गायकों को थोड़े ही दिनों के लिए सोहरत तो जरूर मिल रही है। लेकिन इससे समाज तथा भोजपुरी भाषा पर पड़ने वाले कुप्रभाव का अंदाजा शायद ही उन्हें होगा। ऐसे गायक न सिर्फ भोजपुरी भाषा व गीतों के मिठास में जहर घोल रहे हैं बल्कि सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में तथाकथित गायकों से भोजपुरी संस्कृति की छवि धूमिल हो रही है। हालांकि अब प्रशासनिक स्तर से ऐसे गायकों पर नकेल कसा जा रहा है। जरूरत है समाज को खासकर युवा वर्ग को भी ऐसे तत्वों का विरोध करने की। ताकी हमारी भोजपुरी माटी की खांटी पहचान व मिठास बरकरार रहे।

### भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक बोले... फूहड़ गानेवालों पर लगे पाबंदी



**भरत शर्मा** – भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा ने कहा कि अश्लील गीत भले ही युवा वर्ग को सुनने में चटक लगता है लेकिन इसका भविष्य लंबा नहीं है। हमारे पारंपरिक गीत इस पर भारी पड़ने वाले है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी की खांटी पहचान को बनाए रखने के लिए ऐसे गायकों पर पाबंदी जरूरी है। युवावर्ग इसके लिए आगे आए।



**विष्णु ओझा** – चर्चित भोजपुरी गायक विष्णु ओझा ने कहा कि फूहड़ गीत भोजपुरी सभ्यता संस्कृति के खिलाफ है। ताज्जुब है कि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसे गीतों का विरोध नहीं कर रहा है। जिससे समाज में विकृति फैल रही है। ऐसे गायकों पर न केवल नकेल कसनी चाहिए, बल्कि इनकी गायकी को आजीवन प्रतिबंधित कर देनी चाहिए।



**विनय मिश्र** – यह काफी भद्दी परंपरा है। वास्तव में भोजपुरी की मिठास कानों में मिश्री घोलने वाली है। इसे रोकने के लिए सभी वर्गों को आगे आना होगा। इससे भोजपुरी संस्कृति पर भी असर पड़ रहा है। अश्लील गीतों के कारण कई बार लोगों को शर्मसार होना पड़ता है। इससे विकृति उत्पन्न होती है। इस पर रोक जरूरी है।



**अशोक मिश्र** – चर्चित स्टेज स्टार अशोक मिश्र की मानें तो पहले सिर्फ होली गीतों में ही अश्लीलता परोसी जाती थी। लेकिन अब इसका दायरा बढ़ गया है। जो युवा पीढ़ी के लिए काफी खतरनाक साबित हो रहा है। इससे युवाओं में भटकाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि वे अपने गीतों में इस बात का ख्याल रखते है कि समाज में फूहड़ता न परोसी जाए।

### कलाकार को महंगा पड़ा गायिका पर अश्लील गीत गाना, गिरफ्तार

**सिमरी।** अश्लील गीत गाने के आरोप में एक भोजपुरी गायक को



पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार गायक अहमद राजा सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर का रहने वाला है। उसने भोजपुरी गायिका शिल्पीराज पर अश्लील गीत गाया है। जिसकी शिकायत के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि हाल ही में बक्सर डीएम अमन समीर ने भी होली में अश्लील गीत नहीं गाने का फरमान जारी किया था कि अश्लील गीत गाने वालों को जेल भेजा जाएगा। बावजूद उक्त गायक ने गायिका पर अश्लील गीत गाया। इस गीत के वायरल होने के बाद दो समुदायों में टकराव की स्थिति भी पैदा हो गई थी। हालांकि पुलिस ने समय रहते उसे गिरफ्तार कर टकराव को रोक दिया है।

## एक नजर

### सांसद खेल महाकुंभ की सफलता के लिए खिलाड़ियों ने निकाली जागरुकता रैली




**बक्सर।** स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के संयोजन में आयोजित हो रहे सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिए मंगलवार को एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, महिलाओं व पुरूष सहित पार्टी के कार्यकताओं ने भाग लिया। बता दें कि सांसद खेल महाकुंभ के तहत वॉकथन (पैदल मार्च) भीमराव अंबेडकर चौक से वीर कुंवर सिंह चौक तक निकाली गई। खेल महाकुंभ 21 फरवरी 2023 से 5 मार्च 2023 तक होगा। 22 फरवरी को केंद्रीय मंत्री चौबे उदघाटन करेंगे। इस खेल महाकुंभ में मुख्य रूप से क्रिकेट, फुटबॉल - किला मैदान, बक्सर खोखो, कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट- आईटीआई फील्ड, में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ गया है। जागरूकता रैली के दौरान यह देखने को भी मिला।

### संस्कृत के साथ अनिवार्य विषयों की मैट्रिक परीक्षा संपन्न, ऐच्छिक विषय की परीक्षा आज



**बक्सर।** मंगलवार को संस्कृत विषय की परीक्षा के साथ ही बिहार बोर्ड द्वारा आहूत मैट्रिक परीक्षा के अनिवार्य विषय संपन्न हो गए है। बुधवार को ऐच्छिक विषयों की परीक्षा होगी। संस्कृत की परीक्षा में दोनों पालियों में कुल 29 हजार 397 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें कुल 29 हजार 60 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 337 अनुपस्थित रहे। अनिवार्य विषयों के अंतिम दिन भी सभी परीक्षा केंद्रो के मुख्य गेट पर विधिवत जांच के बाद ही परीक्षा हॉल में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। अंतिम दिन जिले के किसी भी केंद्र पर कदाचार का कोई मामला सामने नहीं आया। देवा भाषा की परीक्षा देकर परीक्षा केन्द्रों से बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। जो इस बात की तस्दीक कर रही थी कि उनका परीक्षा अच्छा गया है। परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रायः सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाए तथा एक दूसरे को अबीर लगा होली की अग्रिम शुभकामानाएं भी दी। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों के बाहर वसंतोत्सव जैसा नजारा था। परीक्षा संपन्न होने के बाद बक्सर तथा डुमरांव में भयंकर जाम भी लगा था। जिससे निपटने में प्रशासन को घंटो मशक्कत करना पड़ा। अधिकांश परीक्षार्थी परीक्षा संपन्न होने के साथ ही अपने घर लौटने को बेताब थे। यही कारण है कि पूरे दिन दोनों शहरों की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त रही।

### हेमन ट्राफी के लिए कैमूर रवाना हुई 16 सदस्यीय बक्सर जिला क्रिकेट टीम, पहला मुकाबला आज



**बक्सर।** बिहार क्रिकेट एसोसिएसन से मान्यता प्राप्त अंतर जिला हेमन ट्राफी के लिए बक्सर जिले की टीम मंगलवार को रवाना हुई। हेमन ट्रॉफी के शाहाबाद जोन के अंतर्गत यह प्रतियोगिता कैमूर में खेली जा रही है। बुधवार को ही बक्सर की टीम को अपना पहला मैच खेलना है। इसके लिए ट्रायल में कुल 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। जिसमें अंतिम रूप से 16 खिलाड़ियों को भेजा गया है। बक्सर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखा खिलाड़ियों को विदा किया गया। ज्ञातव्य है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिहार क्रिकेट संघ के द्वारा सर्वप्रथम प्रत्येक जिले से 30 खिलाड़ियों का पंजीकरण किया गया है। उन्हीं 30 खिलाड़ियों में से प्रत्येक मैच के लिए 16 खिलाड़ियों का चयन करना था। बक्सर जिला क्रिकेट संघ का पहला मैच 22 फरवरी को जगजीवन स्टेडियम कैमूर में भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के खिलाफ खेला जाएगा। बक्सर जिला क्रिकेट संघ की टीम को विदा करने के समय जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, सचिव विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल तथा पैनल के अंपायर धर्मेंद्र पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## तारा शिव शंकर इंटर कॉलेज में लाखों की चोरी, मामला दर्ज

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के तारा शिव शंकर इंटर कॉलेज में सोमवार की रात्रि खिड़की तोड़ अज्ञात चोरों द्वारा भीषण चोरी कर ली गई है। कॉलेज के सचिव धनंजय पांडेय ने बताया कि चोरों द्वारा कॉलेज के आवश्यक कागजातों में आग लगाकर जला दी दिया गया है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा की कॉलेज के खिड़की टूटा हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर सचिव धनंजय पांडेय सहित अन्य लोगों ने कालेज परिसर पहुंचे तो देखा कि कॉलेज में लगे कंप्यूटर, लैपटॉप सहित लाखों रुपए के सामान की चोरी कर ली गई है। घटना की सूचना राजपुर थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी युसूफ



अंसारी ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। इस घटना के बाद कॉलेज के कई महत्वपूर्ण कागजात भी नष्ट हुए है। जिससे प्रबंधन में मायूशी छाई हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में हुई चोरी की इस वारदात के बाद कई तरह की चचाएं आम हो रही है। वही क्षेत्र में पुलिस गश्त पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## राजपुर के युवक की ट्रेन से कटकर मौत, मचा कोहराम

- नवादा में इंडसइंड बैंक के प्रबंधक के पद पर था कार्यरत
- बिहारशरीफ के तुंगी हाल्ट के पास हुआ हादसा
- पिछले तीन दिनों से नहीं मिल पा रहा था युवक का सुराग

**केटी न्यूज/राजपुर**





नवादा से तीन दिनों से लापता इंडसइंड बैंक के प्रबंधक व राजपुर थाना क्षेत्र के संगरांव निवासी विनय कुमार सिंह की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। सोमवार की देर रात उसका शव पैतृक गांव संगरांव लाया गया। शव आते ही परिजनों की चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। यह हादसा बिहारशरीफ के तुंगी हाल्ट के पास हुआ है। हालांकि पिछले तीन दिनों से उसका सुराग नहीं मिला था। तब परिजनों ने उसके अपहरण की प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। लेकिन बाद में रेलवे टैज्क से शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार विनय कुमार सिंह पिता गोरख सिंह पिछले चार वर्षों से नवादा जिला में इंडसइंड बैंक में कार्यरत था। 18 फरवरी को सुबह से ही उसका फोन बंद आ रहा था। देर शाम तक जब उसका मोबाइल ऑन नहीं हुआ तो परिजन खोजबीन शुरू किए। उसके पिता गोरख सिंह नवादा पहुंच उसके गुमशुदगी का मामला भी दर्ज करवाए। सोमवार को ही उसका शव बिहार शरीफ के तुंगी रेलवे हाल्ट के नजदीक क्षत विक्षत अवस्था में बरामद हुआ। रेल पुलिस सूचना पर परिजन बिहार शरीफ पहुंच शव की पहचान किए।

**बुझ गया घर का इकलौता चिराग:** विनय कुमार सिंह अपने माता पिता का इकलौता संतान था। पिछले चार वर्षों से वह नवादा में इंडसइंड बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। घटना के बाद इसकी मां एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। गांव में भी उदासी छाई हुई है। इकलौते चिराग के बुझने के सदमें से परिजन उबर नहीं पा रहे है।

### डीडीसी डॉ. महेंद्र पाल ने भलुहा मधुमक्खी पालन क्षेत्र के किसानों के बीच वितरित किया बॉक्स, बोले-

# अधिक मुनाफा के लिए समेकित कृषि को अपनाएं किसान

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के भलुहा मधुमक्खी पालन क्षेत्र परिसर में मंगलवार को बक्सर के डीडीसी डॉ महेंद्र पाल पहुंचे। उन्होंने मुधमक्खी पालन करने वाले किसानों को मधुमक्खियों के संवर्धन के लिए जिला प्रशासन की ओर से बॉक्स वितरित किया। बता दें कि इस मधुमक्खी पालन प्रक्षेत्र में प्रखंड क्षेत्र के रसेन, छतौना, बन्नी, सिकठी सहित कई अन्य गांवों के किसान समेकित कृषि के तहत सामूहिक रूप से मधुमक्खी पालन कर रहे है।

डीडीसी ने अपने हाथों किसान शिवजी सिंह, अरविंद सिंह, प्रगतिशील किसान मनोज कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, शिव कुमार



सिंह, इसरार अंसारी, रहीम अंसारी, संजू देवी, मंजू देवी के अलावा अन्य किसानों को मधुमक्खी बॉक्स दिया। किसानों को संबोधित करते हुए डीडीसी ने राजपुर के किसानों के इस प्रयास की जमकर सराहना की तथा कहां कि ये किसान जिले भर के किसानों के लिए नजीर पेश कर रहे है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगहाली को दूर करने के लिए किसान आधुनिक तरीके को अपना रहे हैं। जिसे देख खुशी हो रही है। इससे किसान खुद का अपना प्रोडक्शन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात है कि जिले के मधुमक्खी पालक किसानों ने एक मिसाल कायम किया है जो स्वयं अपने मेहनत के बल पर विभिन्न प्रखंडों में मधुमक्खी पालन कर मधु प्रसंस्करण इकाई में लाकर अपना विश्वामित्र मधु ब्रांड के नाम से जिले के बाहर भेज रहे हैं। जिससे किसानों की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

डीडीसी ने कहा कि जिला प्रशासन मधुमक्खी पालन से जुड़े किसानों को हर संभव मदद करेगी। इसके अलावे डीडीसी ने प्रगतिशील किसान मिथिलेश पासवान के फार्म हाउस पर पहुंचकर इनके द्वारा किए गए बकरी पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, सब्जी की खेती एवं जैविक खेती का निरीक्षण किया तथा उसकी सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी इससे सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम एवं जलवायु में हो रहे परिवर्तन से विभिन्न प्रकार के फसलों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में समेकित कृषि प्रणाली के तहत किसान अगर खेती करें तो वे अधिक से अधिक आर्थिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने अन्य किसानों को भी ऐसा प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बीडीओ इंदुबाला सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद सज्जाद जहीर के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### रघुनाथपुर हाई स्कूल में मना अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

**केसठ।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मातृभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इसको लेकर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं रघुनाथपुर हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद जिस भाषा का सबसे पहले प्रयोग करते हैं, वही हमारी मातृभाषा है। जन्म से जो संस्कार एवं व्यवहार पाते हैं, वह मातृभाषा से ही पाते हैं। मातृभाषा से हम अपनी संस्कृति एवं सभ्यता से जुड़ कर उसकी धरोहर को आगे बढ़ा सकते हैं।

## खबरें फटाफट

### अधिकारियों ने लिया केंद्रों का जायजा

**मऊ।** यूपी बोर्ड की हो रही परीक्षा को लेकर लगातार जोनल मजिस्ट्रेट विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा ले रहे हैं। लेकिन सभी स्थानों पर नकल विहीन सुचिता पूर्वक परीक्षाएं हो रही है। मंगलवार को प्रात प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित प्रश्न पत्र के दौरान एसडीएम अवधेश चौहान ने शेख अहमदपुर इंटर कॉलेज एवं खुरहट स्थित इंटर कॉलेज में हो रही परीक्षा के दौरान मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने कक्ष निरीक्षक को सख्त निर्देश दिया कि सीसीटीवी सभी सही हालत में और वॉइस रिकॉर्ड के साथ हों। जबकि दोनों परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी पूरी तरह तैनात रहे। उन्होंने बताया कि सभी स्थानों पर स्वछता पूर्वक परीक्षा हो रही है। सीसीटीवी सही हालत में भी रहे।

### प्रेमी प्रेमिका ने खाया जहर

**मऊ।** जनपद के सराय लखंसी थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर गांव में प्रेमी प्रेमिका ने विषाक्त पदार्थ खाकर अचेत हो गए स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि लक्ष्मण साहनी पुत्र हरेंद्र साहनी 20 वर्ष निवासी ककराडी थाना मधुबन का अंशिका 18 वर्ष से प्रेम चल रहा था। प्रेम इतना परवान चढ़ा कि दोनों जीने मरने की कसमें खाने लगे तभी सोमवार किसान को अपने घर से दोनों निकल पड़े और सरायखंसी थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर गांव पहुंचे ही थे कि दोनों ने एक साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया तभी स्थानीय लोगों ने अचेत अवस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। संवाद संप्रेषण तक दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। लेकिन, पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दे दी है। जिसके बाद दोनों के परिवार के सदस्य भी अस्पताल पहुंच गए। हालांकि, मामले को लेकर दोनों परिवार के लोग एक दूसरे से न उलझे, इसके लिए पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। वहीं, थानाध्यक्ष लगातार मामले की निगरानी कर रहे हैं।

# खुशखबरी: बलिया से आधा घंटा में आरा और डेढ़ घंटे में पहुंच सकेंगे पटना

**तिलक कुमार/बलिया**

♦ बलिया-आरा लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए सांसद मस्त ने केंद्रीय मंत्री को भेजा प्रस्ताव

अब वह दिन दूर नहीं जब आप बलिया से पटना की दूरी महज डेढ़ घंटे में और आरा मात्र आधा घंटा में पहुँच जाएंगे। बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की नायाब और कारगर सोच पर यदि मुहर लग जाती है तो कनेक्टिविटी के मामले में पूर्वांचल नई इबारत लिखेगा। केंद्र की ओर से ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण बलिया के साथ-साथ पूर्वांचल के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा ही, लेकिन जब ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से बक्सर आरा-एनएच 922 के अप्रोच लिंकरोड का निर्माण होगा तो इससे ना सिर्फ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का महत्व बढ़ जाएगा, बल्कि पूर्वांचल और बिहार के चहुंमुखी विकास में भी चार चांद लगेगा।

बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए प्रस्ताव में जिक्र किया है कि पूर्वांचल के लिए आपके द्वारा जो ग्रीनफील्ड




एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जा रहा है, उससे उत्तर प्रदेश को बिहार के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्य से भी उत्तर प्रदेश व दिल्ली से जोड़ने का कार्य करेगा। ग्रीन फील्ड के माध्यम से एक छोर बलिया गाजीपुर जिले को बक्सर से तथा दूसरे छोर पर बिहार के छपरा जिले से जुड़ रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश तथा बिहार की जनता को आवागमन में काफी सुगमता होगी। अवगत कराना चाहते हैं कि भोजपुर का इलाका आरा-बलिया-छपरा को जोड़कर होता है। भौगोलिक दृष्टिकोण से यह जिले बटे हुए हैं। लेकिन सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से तीनों जिले जुड़े हुए हैं। भोजपुर जिसे आज हम आरा जिले के नाम से जानते हैं, आरा और बुलिया भाषाई दृष्टिकोण, परंपरागत, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है।

### बैरिया को आरा से जोड़ेगा नया पुल

आजादी के पहले हमारा क्षेत्र भोजपुर में ही आता था। उत्तर प्रदेश सरकार बलिया के शिवपुर घाट गंगा नदी पर पुल बना रही है। जो बैरिया बलिया को आरा जिले से जोड़ेगी। ऐसे में हम सभी क्षेत्रवासियों की मांग है कि वर्तमान में निर्माणधीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के बीच बैरिया सोनबरसा के सामने गंगा नदी पर निमार्णाधीन ब्रिज को ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे अप्रोच सात किमी तथा शिवपुर से शाहपुर (आरा) 11 किमी जिसकी संपूर्ण दूरी 18 किमी है, जो बक्सर-आरा-पटना एनएच-922 से बलिया को जोड़ेगा और यह बलिया-आरा लिंक एक्सप्रेस- वे बन जाएगा। इसके निर्माण से बलिया से पटना महानगर डेढ़ घंटे पर तथा आधे घंटे की दूरी पर आरा जिला होगा। सांस्कृतिक और भौगोलिक दृष्टिकोण से देखते हुए आरा-बलिया के बीच में भी यातयात के लिए कनेक्टिविटी होना चाहिए। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से आपने बिहार के दो जिले बक्सर व छपरा से बलिसा को जोड़ दिया है। यदि आरा जिले को आप जोड़ देंगे ता ग्रीनफील्ड की महत्ता और सार्थकता ज्यादा बढ़ जाएगी।

## यूपी बोर्ड परीक्षा: नकल कराने वाले गिरोह का डीएम व एसपी ने किया खुलासा

# नकल कराने के मामले में फर्जी परीक्षार्थी प्राचार्य एवं प्रबंधक सहित 13 गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देती डीएम, एसपी व अन्य

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

♦ सभी आरोपितों पर सुसंगत धाराओं के तहत दर्ज किया गया मुकदमा

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट और हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का डीएम व एसपी ने मंगलवार को पदार्फाश किया। इस दौरान प्राचार्य, प्रबंधक व फर्जी परीक्षार्थी सहित 13 लोग पुलिस के हत्थे चढ़े।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन व सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए दिए गए आदेश-निदेर्शों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/ नगर व क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा के कुशल निर्देशन में मुखबीर की सूचना पर स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय, सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी व थानाध्यक्ष दुल्लहपुर की संयुक्त टीम द्वारा नकल कराने वाले गिरोह के प्राचार्य, प्रबंधक व फर्जी परीक्षार्थी समेत 14 आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर 13 को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, एक आरोपी फरार हो गया। लेकिन, पुलिस उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। सभी आरोपितों पर संबंधित थाने में मुकदमा पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

गिरोह में ये लोग हैं शामिल : एसपी ने बताया नकल कराने वाले गिरोह में मऊ जनपद के चिरैयाकोट थाना अंतर्गत सरसेना निवासी ओंमकार नाथ सिंह, नसीरुद्दीनपुर निवासी बृजेश कुमार व देवकली निवासी सौरभ कुमार, दुल्लापुर थाना अंतर्गत रेहटीमालीपुर निवासी सुनील सिंह व अजीत प्रताप सिंह तथा मुजहनी महाराजगंज तराई बलरामपुर नमिता पांडेय व मगन पाण्डेय शामिल हैं। वहीं, बलरामपुर तुलसीपुर देवीपाटन निवासी कंचन तिवारी व जयंती सोनी तथा सिद्धार्थनगर गोल्हौरा तेलियाडीह निवासी विजय पाल सिंह भी शामिल है। दूसरी ओर, बस्ती जनपद के रुधौली थाना अंतर्गत खदेवरा निवासी प्रांजल सिंह व ऋषभ सिंह, गाजीपुर जनपद के दुल्लहपुर थाना अंतर्गत रेवरीया निवासी रोशन गुप्ता व डीएसवाई इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य रहमान यादव पर मुकदमा दर्ज किया गया।

**बरामद किए गए कागजात :** एसपी ने बताया कि पुलिस ने सभी के पास से कागजात बरामद किया है। जिसमें हाईस्कूल इंटरमीडिएट के 43 अदद प्रवेश पत्र, 29 आधार कार्ड, तीन रजिस्टर (अटेंडेंस व फीस रजिस्टर) और कक्षा 9, 10, 11, 12 का नामनल फार्म 15 प्रश्नपत्र, 01 मॉनीटर, एक सीपीयू व एक प्रिंटर शामिल हैं। वहीं, गिरफ्तार करने वाली टीम में स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय व टीम, थानाध्यक्ष दुल्लहपुर प्रवीण यादव व सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी व टीम शामिल रहे।

### स्ट्रांग रूम एवं सीसीटीवी निगरानी कक्ष का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों तथा बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही नकल विहीन परीक्षा प्रणाली सुनिश्चित किया गया। खाकी बाबा सिद्धार्थ इंटर कॉलेज यूसुफपुर, श्रीराम सरन नगदु इंटर कॉलेज मर्दानपुर गुरैनी का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही नकल विहीन परीक्षा को सुनिश्चित किया गया। परीक्षा केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम तथा सीसीटीवी निगरानी कक्ष का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया। कैमरे से हो रहे निगरानी को सुनिश्चित किया गया। केंद्र व्यवस्थापक तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट को शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए निर्देशित किया गया।



## एक नजर

### किसानों को मिले शहद बनाने के उपकरण



**बलिया।** कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बलिया चंद्रशेखर उद्यान कंपनी बाग में प्रगतिशील किसानों के साथ उद्यान विभाग की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय सांसद विरेंद्र सिंह मस्त ने की। इस कार्यक्रम में किसानों को व्यापार परक कृषि करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल और माननीय सांसद के कर कमलों द्वारा प्रगतिशील किसानों को नर्सरी के पौधे और शहद उत्पादन करने की किट प्रदान की गई। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने किसानों का ध्यान प्राकृतिक खेती की तरफ आकर्षित करते हुए कहा कि यह सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है । विश्व को आज प्राकृतिक खेती की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति भारत ही कर सकता है। नमामि गंगे कार्यक्रम इसी के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना जनपद के कई जिले में चलाई जा रही है। प्राकृतिक खेती के लिए बलिया एक प्रमुख जनपद है। सांसद ने जिलाधिकारी से कहा कि इस योजना को से किसानों को लाभान्वित किया जाए। मौके पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, डीडी हॉर्टिकल्चर, डीडी कृषि, कृषि अधिकारी और उद्यान विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे।

### 11 मुन्ना भाई गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**बलिया।** यूपी बोर्ड द्वारा संचालित प्रथम पाली की गणित परीक्षा में परीक्षा केंद्र जनता इंटर कालेज नगरा में प्रशासन को बडी सफलता मिली है। दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे ग्यारह गुन्ना भाई पुलिस के हत्थे चढ गये। जिन परीक्षार्थियों के जगह मुन्ना भाई परीक्षा दे रहे थे वे सभी छात्र आरडी इंटर कालेज पालचंद्रहां के छात्र थे। इस मामले में परीक्षा केंद्र जनता इंटर के प्रधानाचार्य डा. उमेशचंद पांडेय की तहरीर पर



पुलिस ने आरडी इंटर कालेज पालचंद्रहां के प्रबंधक भोला यादव व उनके अनुज अनिल यादव के विरुद्ध धोखाधड़ी, परीक्षा अधिनियम समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनकी गिरफ्तारी हेतु दबिश देना शुरू कर दिया है। इस दौरान पुलिस सादे वेष में थी। इस मामले में पकडे गये मुन्ना भाइयों पर परीक्षा अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। सभी मुन्ना भाई नाबालिग हैं। नगरा पुलिस को सूचना मिली कि हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा में जनता इंटर कालेज परीक्षा केंद्र पर दुसरे की जगह मुन्ना भाई परीक्षा दे रहे है। थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने उपजिलाधिकारी रसडा सर्वेश यादव, क्षेत्राधिकारी फहीम अहमद , केंद्र व्यवस्थापक डा. उमेशचंद पांडेय के साथ परीक्षा केंद्र के गेट पर तलासी लेना शुरू कर दी। तलाशी के दौरान गेट पर ही 4 मुन्ना भाई पकड़े गये। इसके बाद उपजिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने उक्त आरडी इंटर कालेज के परीक्षार्थियों की कमरों में जांच करना शुरू कर दिया। इस दौरान परीक्षा केंद्र में अफरा तफरी मची रही। कमरों में जांच के दौरान सात मुन्ना भाई पकड़े गये। सभी मुन्ना भाइयों ने पुलिस को बताया कि प्रबंधक भोला यादव व उनके अनुज अनिल यादव ने दूसरे की जगह बैठाया था। जिन परीक्षार्थियों की जगह मुन्ना भाई परीक्षा दे रहे थे। उनके प्रवेश पत्र पर अलग से फोटो लगा था जिसे विद्यालय द्वारा प्रमाणित किया गया था। किसी का प्रवेश पत्र स्कैन किया गया था। पुलिस इस प्रकरण के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

### मामूली विवाद में मारपीट, डेढ़ दर्जन घायल

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के हजौली गांव में फुल्की खाने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के परिजनों में मारपीट हो गई, दोनों तरफ से ईट पत्थर और लाठी डंडे चलने लगे। इसमें दोनों पक्षों से करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कर घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वस्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां हालात गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर सीओ सिटी जितेंद्र कुमार सहित कई थानों की फोर्स तैनात है। पुलिस ने दोनों तरफ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हजौली भदपा निवासी अरविंद सिंह का 14 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार शाम को हजौली चट्टी पर फुल्की खा रहा था। उसी दौरान दूसरे लड़के से खाने को लेकर मारपीट हो गई। इसकी खबर लगते ही दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे से लैंस होकर आधे घण्टे तक गुरिल्ला युद्ध किया। इसमें एक पक्ष के धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, अक्षय सिंह, महेश सिंह, अमित कुमार, अमर सिंह तथा दूसरे पक्ष से धर्मेंद्र राजभर, आशीष राजभर, विशाल, आदित्य गुप्ता समेत करीब डेढ़ दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट के बाद गांव में तनाव व्याप्त है, मौके पर कई थानों की फोर्स तैनात है। इस बाबत सीओ सिटी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी होगी।



## शव जलाने के लिए आए लोगों के साथ नहीं चलेगी मनमानी: एसडीएम

**गाजीपुर।** जमानिया नगर स्थित श्मशान घाट पर शव के साथ आने वाले लोगों के शव जलाने के लिए लकड़ी बेचने वाले मनमानी ढंग से लकड़ी बेचे जाने की शिकायत मिलने पर एसडीएम भारत भार्गव नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी व तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा व संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। कहा कि अंतिम संस्कार के लिए शव जलाने के लिए पहुंचे लोगों के साथ अब मनमानी नहीं चलेगी। इसके लिए निर्धारित 400 सौ रुपया कुंटल लकड़ी बेचने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही घाट के पास बिना लाइसेंस लकड़ी चीरने की मशीन पकड़ा गया। साथ में कुछ लकड़ियां पाई गई। उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने बताया कि श्मशान घाट पर मनमानी ढंग से अब लकड़ी नहीं बेची जाएगी।

उन्होंने कहा कि बड़ेसर घाट के पास भी शव जलाने वालों से मनमानी रेट वसूली की शिकायत मिला है। जांच के बाद कार्रवाई किया जाएगा। भार्गव ने कहा कि श्मशान घाट पर मनमानी अब नहीं चलेगा। अगर पुनः शिकायत मिला तो लकड़ी बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। पालिका ईओ अखिलेश तिवारी ने कहा कि स्नान घाट व श्मशान घाट की साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिये ठोस कदम उठाया जा रहा है। इसमें किसी तरह की क्षम्य नहीं होगी।

# ग्राम न्यायालयों के विरोध में खड़े हुए अधिवक्ता

**केटी न्यूज/बलिया**

ग्राम न्यायालयों का सभी तहसीलों में स्थानांतरण करने संबंधी जानकारी होने पर क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन व दी सिविल बार एसोसिएशन के वकीलों ने संयुक्त बैठक कर कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। इस दौरान बार के अधिवक्ताओं ने कहा कि हर हालत में हम ग्राम न्यायालयों का विरोध करेंगे। कहा कि बिल्थरारोड, सिकंदरपुर, बैरिया, रसड़ा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले समस्त दीवानी फौजदारी वादों की सूची बनाकर ग्राम न्यायालयों में भेजने की तैयारी को हम अमलीजामा नहीं पहनने देंगे। मंगलवार को वकीलों ने कोर्ट परिसर से सरकार के गलत नीतियान के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन करते हुए कालेक्ट्रेट परिसर में भी जमकर नारे लगाए। इसके उपरांत डीएम सौम्या अग्रवाल से मिलकर पत्रक सौंपा।



इस आशय का प्रस्ताव पारित कर वकीलों ने जिला सत्र न्यायाधीश बलिया व जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल से मिलकर शासन को वकीलों की मंशा से अवगत कराने के साथ ही चेताया कि अगर शासन स्तर पर हमारी बातें नहीं मानी जाती है तो हम उग्र आंदोलन भी करेंगे। मंगलवार को कार्य बहिष्कार के साथ ही वकीलों ने करीब 2 घंटे तक बैठक की और सरकार के गलत नीतियों को कोसने का कार्य किया। कहा कि ग्राम न्यायालयों के नाम पर गरीब वादकारियों को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। जहां ग्राम अदालतों में छोटे-मोटे वादों के लिए तहसीलों का चक्कर काटना पड़ेगा। वहीं सेशन ट्रायल हुआ जिला जज स्तरीय मुकदमों के लिए जिला मुख्यालय भी आना पड़ेगा। ऐसे में एक ही मुकदमे में वादकारियों को 2 जगहों का चक्कर काटना पड़ेगा। क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि बलिया क्रांतिकारी जिला रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि हम ग्राम न्यायालयों का तब तक विरोध करेंगे जब तक शासन और हाईकोर्ट अपने इस गलत निर्णय को वापस नहीं लेता।

## किसान गोष्ठी में कृष्कों को दी गई लो टनल पॉली विधि से सब्जी की खेती करने की जानकारी

# लो टनल पॉली विधि सब्जी की खेती अधिक आय प्राप्त करने में सहायक

**केटी न्यूज/बलिया**

कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से मां सुरसरी सेवा संस्थान कथरिया द्वारा गड़वार ब्लॉक के थुमहाउत्तम गांव में एफएसपीएफ परियोजना में तीन गांव के लघु एवं सीमांत किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन हेतु जागरूकता कार्यक्रम/किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि उपमा सक्सेना उपमहाप्रबंधक नाबार्ड लखनऊ, डीडीएम नाबार्ड मोहित यादव ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान नाबार्ड की उपमहाप्रबंधक उपमा सक्सेना ने किसानों से लो पॉली टनल परियोजना की जानकारी एवं फीड बैक लेते हुए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम और किसान गोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए आशा व्यक्त किया कि इस परियोजना से जुड़े किसान अपनी मेहनत से अपनी आय को न केवल दोगुना करने में सफलता प्राप्त करेंगे। बल्कि अन्य किसानों के लिए मार्गदर्शक बनने का भी काम करेंगे। इस दौरान नाबार्ड डीडीएम मोहित यादव ने कहा कि परीयोजना से जुड़कर इस तकनीकी का प्रयोग कर किसान ऑफ सीजन सब्जी की खेती बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। जिससे उनका आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो रहा हैं। साथ ही क्षेत्र के अन्य किसानों को प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं।



इस दौरान बलिया टीडी कॉलेज के कृषि संकाय के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष सह परियोजना प्रमुख डॉ अशोक कुमार सिंह ने उपस्थित प्रगतिशील किसानों को उक्त परियोजना के बारे में बताया कि लो पॉली टनल का अपना एक सूक्ष्म वातावरण होता है, जो तापमान, नमी, आपेक्षिक आद्रता, पोषण तथा वृद्धि एवं विकास को निर्यंत्रित करता है। इसलिए आफ सीजन सब्जियों की खेती एवं बीज उत्पादन इस तकनीक से उपयोगी एवं लाभदायक है, लो पॉली टनल में पतिदार, जड़वाली, कंद वाली तथा फल फूल वाली सभी प्रकार के सब्जियों की खेती करना आसान है। दूसरी तरफ इसमें सिंचाई प्रबंधन, खाद उर्वरक प्रबंधन, रोग व कीट प्रबंधन एवं मृदा का संरक्षण करना आसान एवं कम खर्चीला है, इस तकनीक के माध्यम से किसान अपना सामाजिक एवं आर्थिक विकास कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

साथ ही इस दौरान किसानों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उचित समाधान किया गया। परियोजना प्रबंधक राजनारायण सिंह ने कहा कि इस तकनीक से खेती करने पर ऑफ सीजन सब्जियों की उपलब्धता से किसानों को सम्मानजनक दोगुने से अधिक आय होती हैं। इस दौरान सभी अधिकारियों द्वारा किसानों के खेत पर जाकर लो पॉली टनल तकनीक का अवलोकन किया।